संपादकीय

# किसी की भी नहीं सुनेंगे राहुल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जब भी कुछ कहते हैं तो वह बहुत से लोगों को बहुत तरह से सोचने का मसाला भी दे देते हैं। कभी-कभी इतना अटपटा बोल देते हैं कि वह गैर कांग्रेसियों के बीच मजाक बन जाते हैं और फिर पूरी कांग्रेस को क्षतिपूर्ति के अनुष्ठान में लग जाना पड़ जाता है। चाहे उनका लोक सभा चुनाव के दौरान दिया गया शक्ति वाला बयान हो या हरियाणा चुनाव के दौरान दिया गया जलेबी के कारखाने वाला बयान हो। वह प्राय: अपने बयानों की गंभीरता को बनाए नहीं रख पाते। इस बार उन्होंने एक बार फिर अपनी पार्टी को कठघरे में खड़ा कर दिया है।

दलित बुद्धिजीवियों के सम्मेलन में आमंत्रित वक्त के रूप में उन्होंने कहा कि जब तक दलित और पिछड़े कांग्रेस के साथ थे तब तक आरएसएस सत्ता से दूर रहा, लेकिन 1990 के बाद यानी नरसिंह राव के शासनकाल में कांग्रेस दलित और पिछड़ों को अपने साथ जोडक़र नहीं रख सकी। अब वह कांग्रेस की इस गलती को सुधारना चाहते हैं। दलित और पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कांग्रेस के भीतर ही क्रांति करेंगे।

आशा यह है कि दलित-पिछड़ों को अपनी पार्टी में जगह देकर दलित-पिछड़े समूह को अपनी पार्टी से जोड़ेंगे और अपना खोया हुआ जनाधार फिर से प्राप्त करेंगे और उनके बल पर संघ और भाजपा को सत्ता से बाहर करेंगे। इसके लिए उन्होंने यह आशंका भी जताई है कि अपनी पार्टी में विरोध भी सहना पड़ सकता है लेकिन वह इस इरादे को पूरा करने के लिए किसी की भी नहीं सुनेंगे। यह हास्यास्पद स्थिति है कि कांग्रेस का शीषर्स्थ नेता एक नीतिगत प्रश्न को एक सामान्य बैठक में इस तरह से प्रस्तुत करे।

पहले उन्हें अपनी पार्टी के भीतर यह बात रखनी चाहिए थी पार्टी में दलित और पिछड़ों को क्या जगह दी जाए, कैसे दी जाए इसकी प्रक्रिया तय करनी चाहिए थी और जब एक स्पष्ट रणनीति निर्धारित हो जाती तो उसे जनता के सामने स्पष्टत: रखना चाहिए था। उन्हें यह भी समझना चाहिए था कि जो दलित और पिछड़े समूह स्वयं शक्तिशाली होकर इस या उससे गठजोड़ करने की स्थिति में हैं, वे राहुल गांधी की कृपा पर क्यों रहेंगे। लेकिन राहुल गांधी तो राहुल गांधी हैं। अब उनकी पार्टी तय करेगी कि उनके इस नीति वक्तव्य का वह क्या करे।

# पंजाब की गाय ने तोड़ दिए नेशनल रिकॉर्ड, 24 घंटे में दिया 82 लीटर दूध

लुधियाना । आरएनएस



पंजाब की गाय ने 24 घंटे में 82 लीटर दूध देकर कई नेशनल रिकार्ड तोड़ दिए है। जगराओं की पशु मंडी में आयोजित 18वें तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पीडीएफए डेयरी और एग्री एक्सपो में करवाए गए पशु मुकाबलों में इस गाय ने रिकार्ज तोड़ दिए।

इन मुकाबलों को लेकर पीडीएफए के प्रेस सचिव रेशम सिंह भुल्लर ने बताया कि मोगा के गांव नूरपुर हकीमा के ओंकार डेयरी फार्म के हरप्रीत सिंह की एचएफ नस्ल की गाय ने 24 घंटे (तीन बार दूध दोहने) में 82 लीटर दूध देकर नेशनल रिकॉर्ड तोडक़र पहले स्थान हासिल किया। पटियाला के गांव पालिया खुर्द के अगरदीप सिंह की गाय ने 78.570 लीटर दूध देकर दूसरा और लुधियाना के गांव कुलार के संधू डेयरी फार्म की गाय ने 75.690 लीटर दूध देकर तीसरा स्थान हासिल किया। हरप्रीत सिंह ने बताया कि 2024 में भी उनके फार्म की एचएफ नस्ल की गाय ने साढ़े 74 लीटर दूध देकर नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा था।

वहीं, एचएफ चार दांत मुकाबले में मोगा के घोलिया खुर्द के बराड़ डेयरी फार्म की गाय ने 62.250 किलोग्राम दूध देकर पहला, रोपड़ के गांव मोरलीयां कलां के सतिंदर सिंह की गाय ने 56.452 किलोग्राम दूध देकर दूसरा और पटियाला के पालियां खुर्द के तरनवीर सिंह की गाय ने 55.290 किलोग्राम दूध देकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके साथ एचएफ दो दांत गाय के दूध दोहन मुकाबले में पटियाला के पालियां खुर्द के तरनवीर सिंह की गाय ने 55.552 किलोग्राम दूध देकर पहला, फिरोजपुर के गांव लहरा बेट के प्रवीण सिंह की गाय ने 54.952 किलोग्राम दूध देकर दूसरा, लुधियाना के गांव कुलार के सिंदूरी फार्म की गाय ने 50.752 किलो दूध देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जर्सी गाय के मुकाबले में संधू डेयरी फार्म कुलार की गाय ने पहला, फिरोजपुर के लहरा बेट के प्रवीण कौर की गाय ने दूसरा और करनाल के गांव गालिब खेड़ी के बलदेव सिंह की गाय ने तीसरा स्थान हासिल किया। मुरहा नस्ल भैंस के दूध दोहन मुकाबले में हरियाणा के कैथल के गांव फ्रांस वाला के अंकुर की भैंस ने 31.840 किलोग्राम दूध देकर पहला, पटियाला के गांव चेतरा के पंजाब सिंह की भैंसों ने दूसरा और तीसरा स्थान हासिल की।

# एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए स्पेनिश टीमें भुवनेश्वर पहुंची



नईदिल्ली

स्पेन की पुरुष और महिला हॉकी टीमें एक साथ सोमवार को भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। ये टीमें भारत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 के मैच खेलने आई हैं।

पुरुष टीम 15 और 16 फरवरी को मेजबान भारत के खिलाफ खेलेगी, फिर 19 फरवरी को इंग्लैंड से मुकाबला होगा। वहीं, महिला टीम 15 और 16 फरवरी को जर्मनी से भिड़ेगी और 19 फरवरी को भारत के खिलाफ खेलेगी।

अभी तक, दोनों स्पेनिश टीमें अपनी अंक तालिका में कमजोर स्थिति में हैं और जीत हासिल कर प्रो लीग अभियान में अपनी स्थिति सुधारना चाहती हैं। पुरुष टीम चार मैचों में सिर्फ एक जीत और एक ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है। महिला टीम चार मैच खेल चुकी है, लेकिन अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत पाई है और आठवें स्थान पर है।

भुवनेश्वर पहुंचने पर स्पेन की पुरुष टीम के कप्तान अल्वारो इग्लेसियस ने कहा, हम भारत लौटकर बहुत उत्साहित हैं। हमने ऑस्ट्रेलिया में चार मैच खेले, लेकिन हमें अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। यहां हम अधिक मैच जीतने की कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी कहा, भारत में खेलना हमें हमेशा अच्छा लगता है क्योंकि यहां हॉकी बहुत लोकप्रिय है और स्टेडियम दर्शकों से भरा होता है।

अभी तक, दोनों स्पेनिश टीमें अपनी अंक तालिका में कमजोर स्थिति में हैं और जीत हासिल कर प्रो लीग अभियान में अपनी स्थिति सुधारना चाहती हैं। पुरुष टीम चार मैचों में सिर्फ एक जीत और एक ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है। महिला टीम चार मैच खेल चुकी है, लेकिन अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत पाई है और आठवें स्थान पर है।

# शार्दुल ठाकुर ने गेंद से बरपाया कहर, रणजी क्वार्टफाइनल में चटकाए 6 विकेट

**नईदिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर इस समय घरेलू क्रिकेट में धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं। शार्दुल ठाकुर मुंबई के लिए हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2024-25 का तीसरा क्वार्टर फाइनल खेल रहे हैं और इस मुकाबले में उन्होंने हरियाणा की बल्लेबाजी की कमर तोड़ते हुए 6 विकेट अपने नाम किए। ये शार्दुल की धाकड़ गेंदबाजी का ही असर था कि मुंबई की टीम पहली पारी के आधार पर 14 रन की बढ़त लेने में भी सफल रही। मुंबई की टीम ने पहली पारी में ऑलआउट होने से पहले 315 रन बनाए थे जिसके जवाब में हरियाणा की टीम 301 रनों पर ऑलआउट हो गई। मुंबई के लिए शानदार गेंदबाजी करते हुए शार्दुल ने 18.5 ओवर में 58 रन देते हुए 6 विकेट अपने नाम किए। ठाकुर पिछले काफी समय से बल्ले और गेंद से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन भारतीय चयनकर्ता फिलहाल उनके साथ आगे बढऩे के लिए तैयार नहीं दिख रहे हैं। शार्दुल को हाल ही में चुनी गई चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में भी नहीं चुना गया जबकि गेंद के साथ वो जिस लय में चल रहे हैं वो भारतीय टीम के लिए एक एसेट साबित हो सकते हैं।

# इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी ने शुरू किया कैंपस माइक्रोसॉफ्ट और एडोब सर्टिफिकेशन परीक्षा

**लिंक्डइन लर्निंग के साथ साझेदारी; छात्रों को करियर में मिलेगी मदद**

बरेली । आरएनएस




एनएएसी द्वारा मान्यता प्राप्त इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी ने छात्रों के करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए एक पहल की शुरुआत की है। विश्वविद्यालय ने माइक्रोसॉफ्ट और एडोब सर्टिफिक़ेशन परीक्षा अपने कैंपस पर ही आयोजित करने का फैसला किया है। इसका मतलब है कि छात्र अब अपनी सर्टिफिक़ेशन परीक्षा पास करने के लिए दूर-दराज के केंद्रों पर जाने की बजाय अपने ही कैंपस में ही यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। ये सर्टिफिक़ेशन न केवल छात्रों को ग्लोबली मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र देंगे, बल्कि उनके करियर को भी नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। इसके साथ ही, इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी ने डिजिटल शिक्षा में और अधिक सुधार के लिए साझेदारी की है। इसके तहत, छात्रों को 16,000 से ज्यादा कोर्सेज़ का मुफ्त एक्सेस मिलेगा। ये कोर्सेज़ उन्हें महत्वपूर्ण और आधुनिक स्किल्स सिखाने में मदद करेंगे, जिनकी मांग आज के करियर बाजार में है। वहीं छात्रों को पर्सनलाइज्ड कोर्स रिकमेंडेशन भी मिलेगी, जिससे वे अपने करियर के लिए सबसे उपयुक्त स्किल्स हासिल कर सकेंगे। और सबसे खास बात यह है कि, छात्र अपने नए कौशल को प्रदर्शित कर सकते हैं, जिससे नौकरी पाने के उनके चांसेस और बढ़ेंगे। इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के साथ अब तक 6,000 से ज्यादा छात्रों की प्लेसमेंट्स हो चुकी हैं। इसके अलावा, छात्र दुबई, मॉरीशस, फ्रांस, स्वीडन जैसे देशों में पेड इंटर्नशिप के अवसरों का लाभ भी उठा सकते हैं।

इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में छात्रों का समग्र विकास किया जाता है, जहां शिक्षा, उद्योग से जुड़े अनुभव, वैश्विक संपर्क और कौशल विकास को मिलाकर एक उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण प्रदान किया जाता है। यदि आप भी इस अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं और अपने करियर को नई दिशा देना चाहते हैं, तो 2025 सत्र के लिए प्रवेश खुले हैं।

# रोहित शर्मा का धुआंधार शतक के साथ फॉर्म में लौटना टीम इंडिया के लिए शुभ संकेत

नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म में लौटना टीम इंडिया के लिए शुभ संकेत है। रोहित ने अपनी हिटमैन इमेज के साथ न्याय करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में शानदार शतकीय पारी खेली और एक बार चिर-परिचित अंदाज में दिखाई दिए। रोहित ने धुआंधार पारी खेलते हुए केवल 90 गेंदों पर 119 रन बनाए।

कप्तान रोहित शर्मा को इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दिया गया क्योंकि भारत ने इंग्लैंड द्वारा बनाए गए 304 रनों के स्कोर के जवाब में 44.3 ओवर में ही 308 रन बनाकर मैच और सीरीज जीत ली है। हालांकि, तीन मैचों की सीरीज में एक और मुकाबला अभी बाकी है।

रोहित का अंदाज शानदार रहा क्योंकि उन्होंने 76 गेंदों पर यह शतक लगाकर अपने वनडे करियर की दूसरी सबसे तेज सेंचुरी लगाई। खराब फॉर्म से जूझ रहे किसी दिग्गज के लिए यह आंकड़ा उसकी क्लास को बयां करने के लिए काफी है। यह हेड कोच गौतम गंभीर के उस बयान से भी पूरी तरह मेल खाता है कि रोहित और कोहली जैसे सीनियर खिलाडिय़ों में देश के लिए खेलने और रन बनाने की भूख अभी बहुत बाकी है।

रोहित ने इससे पहले सबसे तेज शतक 63 गेंदों पर दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ बनाया था। कुल मिलाकर यह रोहित की वापसी है और आगे उनको यह लय बरकरार रखनी होगी। वह ऐसा करेंगे तो भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी जैसे एक और बड़े आईसीसी टूर्नामेंट में खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। इससे पहले रोहित की अगुवाई में भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप जीता था।

रोहित ने एक कप्तान के तौर पर भी यह शानदार जीत हासिल की। ऐसे कप्तान जिन्होंने 50 वनडे मैच में टीम का नेतृत्व किया, उनमें रोहित का स्थान भी ऊंचा है। वह अब तक 36 वनडे जीत दर्ज कर चुके हैं। इस मामले में क्लाइव लॉयड, रिकी पोंटिंग और विराट कोहली जैसे कप्तान 39 जीत दर्ज कर चुके हैं।

# परीक्षा पे चर्चा 2025 : लिखने की आदत, समय का सही उपयोग, किसानों वाली डाइट, पीएम मोदी ने छात्रों को दिए खास टिप्स

नई दिल्ली । आरएनएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह 11 बजे परीक्षा पे चर्चा में देशभर के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद किया। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के साथ कुछ अन्य विशेषज्ञ और कई मशहूर हस्तियां भी शामिल रही। इस दौरान एक छात्रा ने पीएम से पूछा कि परीक्षा में अच्छे अंक नहीं आए तो हमारा फ्यूचर अच्छा नहीं होगा। इसपर एक पीएम ने कहा कि जिंदगी में मार्क्स मायने नहीं रखते। पीएम ने कहा कि यह हमारे समाज में घुस गया है कि अगर स्कूल में इतने नंबर नहीं आए तो जिन्दगी तबाह हो जाएगी। इस समय माता-पिता को तो समझा नहीं सकते। इसके लिए अब आपको खुदको तैयार करना है।

पीएम मोदी ने छात्रों को सेहत पर टिप्स देते हुए किसानों का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि खाना किसानों की तरह खाना चाहिए। इसे समझाते हुए उन्होंने कहा कि किसान सुबह के वक्त पेटभर के खाना खाते हैं। उन्होंने सेहत पर टिप्स देते हुए किसानों का जिक्र किया। फिर खेत में चले जाते हैं, वहां कुछ हल्का-फुल्का खा लेते हैं फिर सूर्यास्त से पहले घर आकर खाना खाते हैं।

पीएम ने कहा कि सामने वाले को गलती ठीक करने से पहले उसकी अच्छाई के बारे में बताइए। अगर आप डायरेक्ट बोलोंगे तो उसे लगेगा कि सिर्फ मुझे ही क्यों कहा। पीएम ने कहा कि कोई भी उम्र क्यों ना हो, हमेशा लिखने की आदत होनी चाहिए। दैसे कविताएं लिखने वाली अपने विचारों को बांधते हैं। जैसे टीचर्स एग्जाम से पहले प्रश्न और उत्तर लिखवाते हैं। इसी तरह टीचर का काम है बच्चे की ताकत को पहचानना।

पीएम ने आगे कहा कि हर छात्र के पास 24 घंटे हैं। कुछ लोग इतने में बहुच अच्छा काम कर रहे हैं। कुछ लोगों को लगता है कि कुछ हुआ ही नहीं। इसका कारण है मेनेजमेंट ना होना। उनको नहीं पता कि समय का उपयोग कैसे करना है। सबसे पहले समय पर सोचना है कि मैं अपने समय का अच्छा उपयोग कैसे करूं। कागज पर अपना टाइमटेबल लिख लीजिए कि कल ये काम करने हैं और अगले दिन फिर मार्क कीजिए कि काम हुआ या नहीं।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आपके द्वारा की जाने वाली मेहनत का फल जल्दी ही प्राप्त होगा। आज आप अपने कार्यों पर ध्यान देंगे और सकारात्मक रहेंगे। किसी समस्या का हल आपके काम से ही मिलेगी।

***वृष:*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि करेगी।

***मिथुन:*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। नया बिजनेस शुरू करना या बढ़ाना चाह रहे हैं तो आज उससे संबंधित शुरूआत करना बहुत ही अनुकूल रहेगा। प्रॉपर्टी के बिजनेस के लिए लाभदायक स्थिति बनी हुई है।

***कर्क:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा।

***सिंह:*** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन में मधुरता और आपसी सामंजस्य उचित बना रहेगा। युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में अपना समय नष्ट न करें। कुछ समय अपने स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने में भी व्यतीत करेंगे।

***कन्या:*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज जीवनसाथी व परिवारजनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आज बेवजह की उलझनों से दूर होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे।

***तुला:*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है। कहीं रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना है। आत्म चिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।

***वृश्चिक:*** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों पर आपका ध्यान केंद्रित रहेगा। अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र चित्त रहें, तो आपको सफलता प्राप्त होगी।

***धनु:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी और युवा अपनी सफलता को लेकर मन में किसी भी तरह का संशय न रखें। नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें।

***मकर:*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीदें करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें। युवा वर्ग भावनाओं में आकर किसी प्रकार का निर्णय न लें।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप उस कार्य को पूरा करने में सफल होंगे, जिसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे।

***मीन:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद होगी। ये समय आपके लिए आगे बढऩे का है, सही दिशा में प्रयास करेंगे तो आपको जरूर सफलता मिलेगी।

# सनम तेरी कसम ने रचा इतिहास, 2 दिन में तोड़ डाला अपना 9 साल पुराना रिकॉर्ड



इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में लगी हैं, वहीं कुछ फिल्में ऐसी भी हैं, जिन्हें दोबारा पर्दे पर लाया गया है। इन्हीं में से एक सनम तेरी कसम। खास बात यह है कि जब यह फिल्म रिलीज हुई थी तो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही थी, लेकिन अब जबकि यह दोबार पर्दे पर आई है तो इसने 2 दिन में ही अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ डाला है।

फिल्म शानदार कमाई कर रही है। सनम तेरी कसम 7 फरवरी को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई थी। फिल्म ने दो दिन के अंदर बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। पहले दिन इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर जहां 5.14 करोड़ रुपये से खाता खोला था, वहीं अब दूसरे दिन भी इसने ताबड़तोड़ कमाई की है।

सैकनिल्क के मुताबिक, दूसरे दिन यानी शनिवार को इस फिल्म ने 6.22 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसकी 2 दिन की कमाई 11.36 करोड़ रुपये हो गई है।

सनम तेरी कसम ने री-रिलीज के मात्र 2 दिन के अंदर अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

9 साल पहले इस फिल्म ने लाइफटाइम कलेक्शन 9 करोड़ रुपये किया था और री-रिलीज में इसने 2 दिन में ही 11 करोड़ कमा लिए हैं।

बात सिर्फ अपना रिकॉर्ड तोडऩे की नही हैं। सनम तेरी कसम ने बीते शुक्रवार रिलीज हुई खुशी कपूर की लवयापा और हिमेश रेशमिया की बैडएस रविकुमार के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है।

# छावा की एडवांस बुकिंग शुरू, निर्माताओं ने नए पोस्टर के साथ साझा किया अपडेट



इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल छावा को बड़े परदे पर देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। फिल्म अपनी रिलीज से चंद कदम दूर है। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की है।

फिल्म छावा 14 फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है। मेकर्स ने आज फिल्म के पोस्टर साझा किए हैं। इसके साथ लिखा है, छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता और बलिदान की कहानी अब बड़े परदे पर बस पांच दिनों में। एडवांस बुकिंग वर्ल्डवाइड शुरू हो चुकी है।

इसके अलावा मैडॉक के इंस्टाग्राम अकाउंट से रश्मिका मंदाना के भी फिल्म से नए पोस्टर रिलीज हुए हैं।

# अजित कुमार की फिल्म विदामुयार्ची ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा किया पार, नागा चैतन्य की फिल्म थंडेल दे रही कड़ी टक्कर



अजित कुमार की विदामुयार्ची 6 फरवरी को थिएटर में रिलीज हुई जिसने पहले दिन जबरदस्त ओपनिंग करते हुए 26 करोड़ कमाए. लेकिन दूसरे दिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फिसल गई और इसने 60त्न की गिरावट दर्ज करते हुए 10.25 करोड़ की कमाई की. अब तीसरे दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतर प्रदर्शन किया है. वहीं 7 फरवरी को रिलीज हुई नागा चैतन्य और सांई पल्लवी की थंडेल अजित कुमार की फिल्म को कड़ी टक्कर दे रही है. आइए जानते हैं दोनों फिल्मों की कमाई.

विदामुयार्ची ने वर्ल्डवाइड जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है. ये आंकड़े अजित की इंटरनेशनल फैन फॉलोइंग के बारे में बहुत कुछ कहते हैं. दुनिया भर में कमाए गए 100 करोड़ रुपये में से एक बड़ा हिस्सा नॉर्थ अमेरिका से है. वहीं घरेलू प्रदर्शन की बात करें तो 26 करोड़ के साथ शानदार कलेक्शन करने के बाद विदामुयार्ची न दूसरे दिन 10.25 करोड़ का कलेक्शन किया. जो कि फिल्म के लिए बड़ी गिरावट थी लेकिन अब तीसरा दिन फिल्म की कमाई ट्रैक पर आ रही है और अब तक फिल्म ने 12 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. इसी के साथ फिल्म की अब तक की टोटल कमाई 47.75 करोड़ हो गई है. वीकेंड खत्म होने तक विदामुयार्ची 50 करोड़ का आंकड़ा पार करने में सफल होगी.

नागा चैतन्य और साई पल्लवी की थंडेल 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और आते ही इसने विदामुयार्ची को कड़ी टक्कर दी है. पहले ही दिन थंडेल ने बॉक्स ऑफिस पर 11.5 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने तेलुगु में 11.3 करोड़, हिंदी में 0.12 करोड़ और तमिल में 0.08 करोड़ का कलेक्शन किया वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई 10.75 करोड़ हुई. इस तरह थंडेल की दो दिनों की टोटल कमाई 22.25 करोड़ हो गई है. विदयामुयार्ची ने पहले दिन जबरदस्त ओपनिंग की लेकिन नागा की फिल्म रिलीज होने के बाद दूसरे दिन अजित कुमार की फिल्म ने 60% गिरावट दर्ज की.


# शब्द सामर्थ्य- 323

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 322 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

# सू-दोकू- 323

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.322 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |